**प्रसार भारती**
**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 29.12.2024**

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः–**

1– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में भारत के संविधान की सराहना करते हुए कहा कि यह राष्ट्र का मार्गदर्शक है–श्री मोदी ने बस्तर ओलंपिक का भी किया जिक्र।

2– केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल बीजापुर पहुंची–नवनिर्मित सेंट्रल लाइब्रेरी का किया अवलोकन–प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से की बातचीत।

3– बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने एक इनामी सहित तीन माओवादियों को किया गिरफ्तार।

4– मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में कल से ठंड के बढ़ने की संभावना।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संविधान हमारे लिए मार्गदर्शक है और यह बड़े गर्व की बात है कि भारतीय संविधान के अगले वर्ष छब्बीस जनवरी को पचहत्तर वर्ष पूरे हो रहे हैं। आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि संविधान समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष संविधान दिवस के अवसर पर कई गतिविधियां शुरू हुई हैं, जो पूरे वर्ष चलती रहेंगी। श्री मोदी ने कहा कि संविधान की विरासत से नागरिकों को जोड़ने के लिए **डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट कॉन्स्टिट्यूशन सेवंटी फाइव डॉट कॉम** के नाम से एक विशेष वेबसाइट बनाई गई है। उन्होंने मन की बात के श्रोताओं, बच्चों और युवाओं से इस वेबसाइट को देखने का अनुरोध किया।

**इसमें आप संविधान की प्रस्तावना पढ़ कर अपना वीडियो अपलोड कर सकते हैं। अलग–अलग भाषाओं में संविधान पढ़ सकते हैं। संविधान के बारे में प्रश्न भी पूछ सकते हैं। मन की बात के श्रोताओं से स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों से कॉलेज में जाने वाली युवाओं से, मेरा आग्रह है, इस वेबसाइट पर जरूर जाकर देखें, इसका हिस्सा बने।**

श्री मोदी ने कहा कि अगले वर्ष तेरह जनवरी से प्रयागराज में महाकुंभ होने जा रहा है और इसके लिए संगम तट पर जोरशोर से तैयारियां चल रही हैं। उन्होंने कहा कि कुंभ एकता का महाकुंभ भी है। श्री मोदी ने लोगों से महाकुंभ में भाग लेकर एकता के संकल्प को मजबूत करने का अनुरोध किया।

**मन की बात–बस्तर ओलंपिक**

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने बस्तर ओलंपिक का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पहली बार इस ओलंपिक से बस्तर में एक नई क्रांति जन्म ले रही है। यह खुशी की बात है कि बस्तर ओलंपिक का सपना साकार हुआ है। यह उस क्षेत्र में हो रहा है, जो कभी माओवादी हिंसा का गवाह रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बस्तर ओलंपिक में एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, कराते, कबड्डी, खो–खो और व्हालीबॉल जैसे खेलों में युवाओं ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। क्षेत्र की कारी कश्यप की कहानी प्रेरित करने वाली है। एक छोटे से गांव से आने वाली कारी ने तीरंदाजी में रजत पदक जीता है। वे कहती हैं, बस्तर ओलंपिक ने खेल का मैदान ही नहीं, जीवन में आगे बढ़ने का अवसर दिया है। वहीं, सुकमा की पायल कवासी जिन्होंने जेवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक जीता है, उन्होंने कहा कि अनुशासन और कड़ी मेहनत से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। इसी तरह, सुकमा जिले के दोरनापाल के रहने वाले पुनेम सन्ना ने व्हील चेयर पर दौड़कर पदक हासिल किया। उनका साहस और हौसला हर किसी के लिए प्रेरणा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोंडागांव के तीरंदाज रंजू सोरी को बस्तर यूथ ऑईकॉन चुना गया है। सोरी का मानना है कि बस्तर ओलंपिक दूरदराज के युवाओं को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने का अवसर दे रहा है।

उधर, हमारे बस्तर संवाददाता ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा बस्तर ओलिंपिक के बारे मे विस्तार से ज़िक्र करने से न सिर्फ बस्तरवासियों को खुशी महसूस हो रही है बल्कि उनका मनोबल भी बढ़ा है।

**<u>केंद्रीय मंत्री–बीजापुर</u>**

केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल आज छत्तीसगढ़ के माओवाद प्रभावित बीजापुर जिले के एकदिवसीय प्रवास पर पहुंची। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री ने जिला मुख्यालय में स्थित नवनिर्मित सेंट्रल लाइब्रेरी का अवलोकन किया। साथ ही लाइब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से बातचीत की और उनसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों की जानकारी ली।

**<u>अरूण साव–पत्रकारवार्ता</u>**

उपमुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री अरूण साव ने आज सड़क और सेतु कार्य की नई दर अनुसूची का विमोचन किया। राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्ष दो हजार पंद्रह से चल रहे पुरानी दर को संशोधित किया गया है। आज रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री साव ने कहा कि नई दर से नई मशीनरी और ठेकेदारों का वित्तीय जोखिम कम होगा। नई दर एक जनवरी दो हजार पच्चीस से लागू होगा।

**<u>माओवादी गिरफ्तार/आईईडी बरामद</u>**

बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों की टीम ने एक इनामी सहित तीन माओवादियों को गिरफ्तार किया है। और अधिक जानकारी दे रहे हैं, हमारे बीजापुर संवाददाता –

बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने एक आईईडी बरामद किया, जिसे मौके पर ही बम निरोधक दस्ते की टीम ने निष्क्रिय कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र के चिन्नागेलुर कैम्प से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ की टीम तलाशी अभियान पर निकली थी। इस दौरान तर्रेम–टेकरी के पास माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी को बरामद किया गया।

**<u>लखमा–बयान</u>**

प्रदेश के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय–ईडी की टीम ने उन्हें और उनके बेटे को सोमवार को पूछताछ के लिए बुलाया है। आज रायपुर में मीडिया से बातचीत करते हुए श्री लखमा ने आरोप लगाया कि ईडी का छापा राजनीति से प्रेरित है और आने वाले नगरीय निकाय तथा पंचायत चुनाव में उनकी छवि को खराब करने के लिए इस तरह की कार्रवाई की जा रही है।

गौरतलब है कि कल श्री लखमा के रायपुर स्थित और उनके बेटे हरीश कवासी के सुकमा स्थित निवास पर ईडी ने छापेमारी की थी। ईडी ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं, कवासी लखमा और उनके बेटे सहित कुछ लोगों को समन जारी किया है।

**फैक्ट्री हादसा**

राजधानी रायपुर से लगे औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा की एक फैक्ट्री में क्रेन गिरने से दो ऑपरेटरों की मौत हो गई है। सिलतरा चौकी प्रभारी बालेश्वर लहरे ने बताया कि यह घटना बीती रात हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और राहत तथा बचाव कार्य शुरू किया। उन्होंने बताया कि क्रेन में गर्म लोहे के लावे को एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जा रहा था, इसी दौरान क्रेन टूटकर जमीन पर गिर गई, जिससे दोनों ऑपरेटर लावे की चपेट में आ गए।

**सड़क दुर्घटना**

दुर्ग जिले के नंदिनी थाना क्षेत्र में धमधा मार्ग पर बीती रात एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, दो अन्य लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नंदिनी थाना प्रभारी मनीष शर्मा ने बताया कि एक कार दुर्ग से धमधा जा रही थी। इस दौरान ग्राम मेडेसरा के पास वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया।

**फार्मास्युटिकल पार्क**

छत्तीसगढ़ में सेंट्रल इंडिया का नया फार्मास्युटिकल हब बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसके लिए मंजूरी दे दी है। फार्मास्युटिकल हब के लिए नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण–एनआरडीए द्वारा सेक्टर–बाईस ग्राम तूता में छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम को करीब एक सौ बयालीस एकड़ भूमि आवंटित की गई है। फार्मास्युटिकल पार्क से नये अनुसंधान, विकास और अंतर्राष्ट्रीय निवेश में वृद्धि होगी।

**तेंदूपत्ता–ऑनलाइन मॉनिटरिंग**

राज्य में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में पारदर्शिता लाने के लिए इस साल से ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से निगरानी की जाएगी। यह जानकारी कल वन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित वनोपज राजकीय व्यापार अंतर्विभागीय समिति की बैठक में दी गई। बैठक में तेंदूपत्ता संग्रहण, बांस की बहुउद्देशीय उपयोगिता और वनवासियों की आय बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई।

**मौसम**

**और अब पेश है मौसम का हाल–**

प्रदेश में कल से ठंड बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होने के कारण हवा की दिशा में परिवर्तन होने के आसार है। इसके असर से नमी की मात्रा में कमी आएगी, जिसके कारण न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर शुरू होगा। वहीं, परसों एक जनवरी से उत्तर छत्तीसगढ़ में कुछ स्थानों पर शीतलहर चलने की संभावना है।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

**<u>अब कुछ समाचार संक्षेप में ...</u>**

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कल तीस दिसंबर को मंत्रालय में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक होगी।

– छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने शराब घोटाला मामले में जेल में बंद अनवर ढेबर की जमानत याचिका खारिज कर दी है।

– कोरबा पुलिस अधीक्षक ने डीजल चोरी के मामले में साइबर सेल में पदस्थ हेड कांस्टेबल सहित हरदीबाजार और कुसमुंदा थाने में पदस्थ छह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है।

– बलरामपुर जिले में वन विभाग की टीम ने हाथी दांत और तेंदुआ–भालू की खाल की तस्करी के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से दो हाथी दांत, तीन मोबाइल और एक स्कूटी बरामद की गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>